दिनांक– 28/08/2024 समयः 2.10पीएम

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

ग्वालियर-चंबल अंचल के औद्योगिक विकास को गति देने के लिये ग्वालियर में आज "रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव" की शुरुआत हुई। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में देश और दुनियाभर के औद्योगिक प्रतिनिधि एवं निवेशक इसमें हिस्सा ले रहे हैं। उदघाटन सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय ज्यातिरादित्य सिंधिया सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ग्वालियर-चंबल अंचल की 10 औद्योगिक इकाईयों सहित प्रदेश की 22 इकाईयों का वर्चुअल भूमिपूजन व लोकार्पण करेंगे। साथ ही नवीन इकाईयों को आशय पत्र भी वितरित किए जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव "इन्वेस्ट एमपी" पोर्टल भी लॉंच करेंगे। रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव में वन टू वन मीट सबसे अहम पहलू होगा। इसमें बड़े उद्योगपति एवं निवेशक अंचल में निवेश की संभावनाओं को तलाशेंगे। कॉन्क्लेव में आधा दर्जन देशों के ट्रेड कमिश्नर व औद्योगिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। साथ ही ग्वालियर-चंबल अंचल सहित मध्यप्रदेश की औद्योगिक संभावनाओं पर राज्य शासन के प्रमुख सचिव स्तर के वरिष्ठ अधिकारी "मध्यप्रदेश में निवेश के अवसर" पर प्रजेण्टेशन देंगे। कॉन्क्लेव के प्रदर्शनी सेक्टर में औद्योगिक उत्पादों पर केन्द्रित स्टॉल भी लगाई गई ।

मुख्यमंत्री रीजनल कॉन्क्लेव

ग्वालियर में आज शुरू हुई रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में भाग लेने पहुंचे मुख्य़मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में अभी तक हुए कॉन्क्लेव के बेहतर रिस्पॉन्स मिले हैं और सभी सेक्टर में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का बड़ा योगदान रहेगा।

जन-धन

प्रधानमंत्री जन धन योजना ने आज 10 साल पूरे कर लिए हैं। योजना के तहत अब तक 53 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा चुकी है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लाभार्थियों को बधाई दी है और इस योजना को सफल बनाने वालों को धन्यवाद दिया है। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जन धन योजना ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों, विशेषकर महिलाओं, युवाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सम्मान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

डॉक्टर सुरक्षा हाईकोर्ट

हाई कोर्ट की जबलपुर बेंच ने राज्य शासन से शासकीय अस्पतालों के डाक्टरों की सुरक्षा को लेकर किए गए उपाय की जानकारी मांगी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने शासकीय अधिवक्ता को राज्य शासन से निर्देश हासिल कर जवाब की प्रस्तुति की जिम्मेदारी सौंपी है। सुनवाई के दौरान मध्यप्रदेश

डाक्टर एसोसिएशन की ओर से अपनी 10 सूत्रीय मांगों की सूची पेश की गई। प्रकरण की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी।

मौसम

प्रदेश में अब तक मौसम की 90 प्रतिशत से ज्यादा बारिश हो चुकी है। औसत 29.2 इंच के मुकाबले अब तक 33.6 इंच पानी गिर चुका है। आज भी सीधी-सिंगरौली में तेज बारिश का अलर्ट हैं। जबकि इंदौर, उज्जैन में हल्की बारिश होगी। वहीं, 30 - 31 अगस्त से बारिश का और स्ट्रॉन्ग सिस्टम बन रहा है। जिसकी वजह से प्रदेश के 28 जिलों में भारी बारिश होगी। जबकि पश्चिमी हिस्से- भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, नर्मदापुरम, चंबल और उज्जैन संभाग में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

पैरालंपिक

वर्ष 2024 के पैरालंपिक खेलों का औपचारिक उद्घाटन आज फ्रांस की राजधानी पेरिस में हो रहा है और इनका समापन 8 सितंबर को होगा। इन खेलों का उद्घाटन समारोह आज रात सा□ ग्यारह बजे शुरू होगा।

समाचार संक्षेप

- नर्मदापुरम ज़िले में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में 20 से अधिक कंपनियां शामिल हुईं। पंजीकृत 1 हजार 73 आवेदकों में से 478 युवाओं का प्राथमिक चयन किया गया।

- हॉकी खिलाडी पद्मश्री मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाएगा। धार जिले में 29 से 31 अगस्त तक विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।
- प्रोजेक्ट संकल्प के तहत डिंडौरी जिले की बेटियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण और ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अगस्त कर दी गई है। ऑनलाईन परीक्षा 02 सितम्बर को होगी।